कार्यालय, प्रधानाचार्य / मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद जियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी महाविद्यालय / चिकित्सालय
(कोलार–नेहरू नगर बायपास रोड, मैनिट के पीछे, भोपाल)
Web: www.gumcbhopal.in E.mail: gumcbhopal@gmail.com Ph. 0755-2970354

क्र. / स्था. / 2022 / भोपाल, दिनांकः

:: स्थानीय महाविद्यालय में बायोकेमिस्ट, बायो–स्टेटिस्टीशियन एवं फार्माकोलॉजिस्ट पदों पर सेवाओ हेतु अंशकालिक अनुबंध के लिए नियम एवं शर्तें::

1– प्रत्येक कार्य दिवस (प्रति पीरियड 01 घण्टा) हेतु रू. 1000 / – (रू. एक हजार मात्र) मानदेय देय होगा।

2– यह अनुबंध अंशकालिक होगा तथा इन पदों पर नियमति नियुक्ति होने के उपरांत अनुबंध स्वमेव ही समाप्त हो जायेगा अथवा कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर अनुबंध समाप्त किया जा सकेगा।

3– संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष से उपस्थिति से सत्यापन के पश्चात ही मानदेय का भुगतान अगले माह किया जायेगा।

4– न्यूनतम अर्हताः–
कम्प्यूटर कार्य का ज्ञान एवं अनुभवी अभ्यर्थियों को वरियता प्रदान की जावेगी।

5– बिना किसी पूर्व सूचना के निरंतर 06 कार्य दिवस तक अनुपस्थित रहने पर अनुबंध समाप्त किया जा सकेगा। जिसके लिये पृथक से सूचना देना आवश्यक नहीं होगा।

6– शासकीय अवकाश एवं अन्य सार्वजनिक अवकाश के दिनों में आवश्यकतानुसार बुलाये जाने पर महाविद्यालय / चिकित्सालय में उपस्थित होना होगा। जिसका भुगतान नियमित दिनों की भांति ही किया जायेगा।

7– यह सेवाएं अंशकालिक अनुबंध मात्र है अतः भविष्य में नियमितीकरण से संबंधित कोई भी दावा (क्लेम) मान्य नहीं होगा। अंशकालिक विशेषज्ञ / अतिथि अध्यापक किसी भी हैसियत से संस्थान स्थापना के अंतर्गत नहीं माने जायेंगे तथा वह लोक सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक नहीं माने जायेंगे।

8– अनुबंधित विशेषज्ञ के कार्य दिवस एवं ड्यूटी रोस्टर समय–समय पर पृथक से जारी किये जायेंगे, तदानुसार सेवायें देनी होगी।

9– विशेषज्ञ का अनुबंधीकरण उनके स्नाकोत्तर उपाधि के प्रथम वर्ष से अंतिम व्यावसायिक वर्ष तक प्राप्त अंकों के प्रतिशत की आधार पर गणना में लिया जाकर मेरिट सूची तैयार की जायेगी ।

10– किसी भी विवाद की स्थिति में प्रधानाचार्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, हकीम सैय्यद ज़ियाउल हसन शासकीय (स्वशासी) यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, भोपाल का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

M.Beg
(डॉ0 महमूदा बेगम)
प्र0प्रधानाचार्य / मुख्य कार्यपालन अधिकारी
हकीम सैयद ज़ियाउल हसन शासकीय / स्वशासी
यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल

Sihapna_2017

Scanned with CamScanner